भा.वा.अ.शि.प. - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

केंद्रीय रेशम बोर्ड के नवनियुक्त वैज्ञानिकों का एक्सपोज़र भ्रमण

भावाअशिप - वन उत्पादकता संस्थान, रांची में केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राँची में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 66 नवनियुक्त वैज्ञानिकों ने दिनांक 21.02.2024 को वन उत्पादकता संस्थान का एक्सपोज़र भ्रमण किया। संस्थान के निदेशक, डॉ. अमित पाण्डेय ने समस्त वैज्ञानिकों का स्वागत करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों को समाज की आवश्यकता के अनुरूप एवं समाज हित परियोजाएं निरूपित करना चाहिये। शैक्षणिक एवं व्यवहारिक शोध के माध्यम से प्रत्येक क्षण कुछ नया सीखते हुए निरंतर अग्रसर रहना चाहिये। श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर ने संस्थान का परिचय देते हुए संस्थान के शासनादेस (Mandates) के विषय में जानकारी दी। प्रशिक्षुओं की ओर से डॉ. मेन्गाला देवी, वैज्ञानिक-बी एवं डॉ. साईचरण, वैज्ञानिक-बी ने भी अपने विचार रखे। डॉ. अनिमेष सिन्हा, वैज्ञानिक-एफ ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनायें देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

वैज्ञानिकों के दौरे की झलकियां